हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार 27 सितंबर 2025
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

4 सास-बहू सम्मेलनः रोचक किस्सों संग महिला स्वास्थ्य पर जोर



**खबर संक्षेप**

### कोरिया के पूर्व कलेक्टर विकासशील बने सीएस



**बैकुण्ठपुर।** अविभाजित कोरिया के लगातार चार वर्षों तक लगातार कलेक्टर का पद संभालने वाले आईएएस अधिकारी विकासशील को सरकार द्वारा छग का चीफ सेक्रेटरी बनाए जाने की खबर से कोरियावासियों में हर्ष का महौल है। वरिष्ठ पत्रकार दिनेश बड़ेरिया बताते हैं कि अविभाजित कोरिया जिले में पद स्थापना के द्वारा विकासशील ने अपने कार्यशैली और कोरिया जिले के विकास के प्रति समर्पण भावना ने उन्हें और कोरियावासी को चहेता बना लिया था। उनका स्पष्ट करना था कि छोटे से कोरिया जिले में विकास और पर्यटन की प्रचुर संभावनाएं है। कोरिया वासियों को छोटा जिला होने का अफसोस नहीं करना चाहिए। विकासशील के कार्यकाल में कलेक्टोरेट की कंपोजिट सहित जिला कार्यालय का निर्माण हुआ था।

### सेवा पखवाड़ा दिवस पर दिव्यांग व स्वास्थ्य शिविर

**मनेन्द्रगढ़।** सेवा पखवाड़ा दिवस के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 220 बिस्तरीय सिविल अस्पताल मनेन्द्रगढ़ में दिव्यांग एवं स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। सुबह 9 से शाम 5 बजे तक चले इस शिविर ने जिले के सैकड़ों नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं एवं दिव्यांग हितग्राहियों को प्रमाण पत्र और कार्ड प्रदान कर महत्वपूर्ण सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन किया। शिविर में दिव्यांग हितग्राहियों के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए गए और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी कार्ड पंजीयन की प्रक्रिया पूरी की गई। कुल 63 आवेदन प्राप्त हुए।


## विश्व पर्यटन दिवस आज, कई उपेक्षित धरोहर को सहेजने की जरुरत


# कोरिया जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले की पहचान सिर्फ कोयला खानों के चलते नहीं है, बल्कि इस जिले की पहचान घनी हरियाली, पहाड़ों, कल-कल बहते नदियों एवं झरनों के लिए भी जाना जाता है। कोरिया जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।

कोरिया जिले में स्थित राष्ट्रीय उद्यान को गुरू घासीदास तमोर पिंगला टाईगर रिजर्व क्षेत्र क्षेत्रफल की दृष्टि से देश का तीसरा सबसे बड़ा टाईगर रिजर्व क्षेत्र बन गया, इससे इसकी पहचान देशभर में हो गई है, इसके अलावा कोरिया जिले में कई अन्य पर्यटन स्थल है, यहां तक पहुंचने के लिए अब तक बुनियादी सुविधाएं ही विकसित नहीं की गई है। जिले में कई धार्मिक व ऐतिहासिक महत्व के स्थलों के







अलावा कई पर्यटन स्थल भी है जो अपनी पहचान की बारी का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे जगहों पर सुगम सड़क मार्ग बना दिए जाए तो पर्यटकों की संख्या बढेगी साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार का अवसर भी मिल सकेगा। जिला प्रशासन को जिले के पर्यटन स्थल को छग ही नहीं बल्कि देश के पर्यटन नक्शे में स्थापित करने के लिए जिले के कई पर्यटन स्थल, ऐतिहासिक एवं धर्मिक महत्व के स्थल तक पहुंचने के लिए सड़क सुविधाओं के साथ स्थल पर अन्य तरह के बुनियादी सुविधा को बढ़ावा देने की जरूरत है, जिससे कि पर्यटन का विकास होने के साथ कोरिया जिले की पहचान देश के पर्यटन मानचित्र में शामिल हो सके।

उल्लेखनीय है कि पर्यटन विकास की बात तो की जाती है, लेकिन बातों पर ठोस अमल नहीं हो पाता यही कारण है कि कोरिया जिले केकई पर्यटन स्थल, धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थल जिला गठन के ढाई दशक से उपेक्षा का दंश झेल रहे हैं। स्थानीय लोग एवं पर्यावरण प्रेमी मानते हैं कि उपेक्षित स्थलों को पहचान मिलने से न केवल पर्यटन बढेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर मिलेंगे। कोरिया जिले में गुरू घासीदास टाईगर रिर्जव क्षेत्र को इको टूरिज्य स्थल के रूप में विकसीत करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य योजना बनाकर विकसीत करने के अलावा जिले के अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों को वितसीत करने की जरूरत है, यह जिले के पर्यटन के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण भी है। इसके अलावा जिला प्रशासन व पर्यटन विभाग को कोरिया के प्रमुख पर्यटन स्थलों में बालम घाट, गौर घाट जल प्रपात स्थल पर बुनियादी सुविधाएं बढ़ाने की दिशा में अभी कार्य करने की जरूरत है। इसमें प्रमुख सुगम सड़क विस्तार, सुरक्षा व्यवस्था, सूचना केन्द्र एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं शामिल हैं। ⏭ शेष पेज 4 पर

# अब बिना हेलमेट वालों को पेट्रोल नहीं मिलेगा

**पेट्रोल पंप में लिखना होगा-नो हेलमेट, नो पेट्रोल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ 1 अक्टूबर से होगा जिले में प्रभावशील

जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं और यातायात नियमों के उल्लंघन पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने आदेश जारी कर कहा है कि अब जिले के किसी भी पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट पहने दुपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल और अन्य र्इंधन नहीं दिया जाएगा। कलेक्टर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी आदेश में कहा है कि आकस्मिक चिकित्सा आपात



स्थिति और धार्मिक पगड़ी पहनने वाले व्यक्तियों को छोड़कर सभी दुपहिया वाहन चालक/सवारों के लिए हेलमेट अनिवार्य होगा। सभी पेट्रोल पंप संचालक अपने परिसर में स्पष्ट रूप से नो हेलमेट, नो पेट्रोल का बोर्ड/पोस्टर लगाएंगे। आदेश का उल्लंघन करने वाले पेट्रोल पंप संचालकों पर भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक द्वारा कलेक्टर को भेजे गए प्रस्ताव में कहा गया था कि जिले में हेलमेट जागरूकता अभियान और प्रवर्तन कार्रवाई के बावजूद दुपहिया वाहन दुर्घटनाओं में कमी नहीं आ रही है। ऐसे में सड़क सुरक्षा को व्यवहारिक स्तर पर लागू करने कठोर और प्रभावी कदम आवश्यक हो गया है।

इसी प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए यह आदेश पारित किया गया। यह आदेश जनहित में नागरिकों की सुरक्षा को देखते हुए जारी किया गया है और आगामी 1 अक्टूबर से जिले में प्रभावशील होगा।

### पेट्रोप पंप पर लूट का प्रयास कर्मचारी गंभीर रूप से घायल

**अनूपपुर।** जिले के देवहरा में ओम अनाघ फिलिंग स्टेशन पर लूट का प्रयास किया गया। दो बदमाशों ने पेट्रोल पंप कर्मचारी प्रकाश चौधरी पर चाकू से हमला कर दिया। घटना बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात 1 से 2 बजे के बीच की है। दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से पेट्रोल पंप पर आए। उन्होंने प्रकाश चौधरी से विवाद किया। आरोपी प्रकाश के पास मौजूद 2200 रूपए छीनने की कोशिश करने लगे। इसी दौरान धारदार हथियार से हमला कर दिया। प्रकाश चौधरी जान बचाकर भागा। वह पेट्रोल पंप से करीब 100 मीटर दूर एक घर के पास लहूलुहान हालत में गिर गया। उसने वहीं से पेट्रोल पंप मालिक और पुलिस को फोन किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। घायल प्रकाश को पहले जिला अस्पताल अनूपपुर ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मेंड्रा के आगे पिकअप-बाइक भिड़े, दो की मौत

**सोनहत।** कोरिया जिले के वनांचल क्षेत्र गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान मेंड्रा बैरियर से लगभग एक किमी आगे मुख्य सड़क पर शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे तेज रफ्तार पिकअप वाहन और बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार दोनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान अमरजीत गोंड उम्र 45 एवं राम गिरी उम्र 48, दोनों निवासी रसौकी के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार बाइक सवार सोनहत की ओर जा रहे थे, तभी सामने से आ रही पिकअप वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप वाहन रामगढ़ की ओर से आ रही थी। वाहन का स्वामित्व सुखतरा निवासी रमेश यादव का बताया जा रहा है। दुर्घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए सोनहत अस्पताल भेजा गया। दुर्घटना के बाद गांव में शोक का माहौल व्याप्त है।





दुर्घटनाग्रस्त वाहन।



## खबर संक्षेप



### प्लास्टिक मुक्त करने मिनी स्टेडियम मैदान में किया गया श्रम दान

**वाड्रफनगर।** नवीन शासकीय महाविद्यालय रघुनाथनगर में 'सेवा पखवाड़ा अंतर्गत महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता पर शपथ लिया गया। तत्पश्चात रघुनाथनगर के मिनी स्टेडियम को स्वच्छ बनाने तथा प्लास्टिक मुक्त करने हेतु मिनी स्टेडियम मैदान में श्रमदान किया गया। इस दौरान रघुनाथनगर ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच तथा ग्रामीणों द्वारा भी श्रम दान किया गया। साथ ही कैसे इस मिनी स्टेडियम मैदान को और बेहतर बनाया जाए इस पर भी विचार-मंथन किया गया। इस कार्य योजना हेतु पंचायत स्तर से सहयोग मिलने की बात रखी गई।

### विधायक एवं प्रशासनिक अधिकारियों की अगुवाई में चला सफाई अभियान




**रामानुजनगर।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत रामानुजनगर में एक विशेष सफाई अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी, जनपद सीईओ संजय राय, एसडीएम जनप्रतिनिधि, अधिकारी सहित क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे। विशेष अभियान की शुरुआत रामानुजनगर की अत्यधिक गंदगी वाले क्षेत्रों से की गई, जहां कचरा हटाने का कार्य प्रारंभ किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि धूल-मिट्टी हटाने मात्र से गांव का निर्माण नहीं होगा, बल्कि हमें सोच और व्यवहार में भी बदलाव लाना होगा। विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि मोदी के सपनों का राष्ट्रीय जन आंदोलन है और इसकी सफलता हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें न केवल स्वयं गंदगी फैलाने से बचना है, बल्कि दूसरों को भी ऐसा करने से रोकना है। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, सुपरवाइजर, कर्मचारी, जनपद पंचायत के अधिकारी, विधायक प्रतिनिधि, संत साहू, जयप्रकाश उपाध्याय, मोनिका सिंह, कौशलेंद्र दुबे, हजारी लाल साहू, पवन सिंह, सौभाग्य दुबे, अनूप दुबे, अर्जुन साहू, दशरथ गुप्ता, प्रियंका, राम सिंह तथा अन्य नागरिकों ने भाग लिया।

### ग्राम तिवरागुडी में शोकाकुल परिवार से मिलीं शशि सिंह



**रामानुजनगर।** ग्राम तिवरागुडी में आज राष्ट्रीय सचिव सुश्री शशि सिंह शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाने पहुंचीं। उन्होंने शोकाकुल परिवार के मुखिया लक्ष्मण रवि एवं अन्य परिजन से व्यक्तिगत रूप से मिलकर संवेदना व्यक्त की तथा इस कठिन समय में हर संभव सहायता दिलवाने का आश्वासन दिया। सुश्री शशि सिंह ने कहा कि यह दुखद घड़ी केवल एक परिवार की नहीं, पूरे समाज की पीड़ा है और कांग्रेस पार्टी ऐसे समय में अपने लोगों के साथ खड़ी है। उन्होंने जिला प्रशासन से समन्वय कर पीड़ित परिवार को तत्काल राहत और सरकारी सहायता उपलब्ध करवाने की बात कही। इस दौरान इस्माइल खान, भूपेंद्र साहू, जगदीश, सहित कांग्रेस परिवार के अन्य पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### 40 लाख के गांजा अफीम व डोडा को किया गया नष्ट



**सूरजपुर।** जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई के दौरान जब्त किए गए नशीले पदार्थों को पुलिस लाईन परिसर में अस्थायी भट्ठे में जलाकर नष्ट किया गया। जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति की देखरेख में कार्रवाई की गई। इस दौरान एनडीपीएस एक्ट के 28 प्रकरणों में जब्त 171.041 किलोग्राम गांजा एवं 23 नग गांजा का पौधा, अफीम 130 ग्राम, डोडो 1.772 किलोग्राम को नष्ट किया गया जिसकी अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपये है। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि नष्टीकरण की प्रक्रिया गठित टीम की मौजूदगी में संपन्न हुई, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो और जिला आबकारी अधिकारी अनिल मित्तल, पर्यावरण अधिकारी बीबी ध्रुव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस ने युवाओं व नागरिकों को नशे से बचाने के लिए भविष्य में भी निरंतर मादक पदार्थों की तस्करी पर सख्त कार्रवाई करने के लिए दृढ़ संकलित है।

## जीएसटी 2.0 रिफॉर्म किसानों, व्यापारियों और मध्यमवर्ग के लिए सहारा

# वन नेशन वन टैक्स से आत्मनिर्भर भारत की राह और मजबूत : साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- मोदी सरकार का ऐतिहासिक निर्णय

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लागू किए गए जीएसटी 2.0 रिफॉर्म से किसानों, व्यापारियों, मध्यमवर्ग एवं आमजन को राहत और सहारा मिलने पर भाजपा सरगुजा संभाग अंतर्गत व्यापार, आर्थिक एवं व्यावसायिक प्रकोष्ठ द्वारा अभिनंदन एवं आभार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय, मुख्य वक्ता के रूप में मंत्री रामविचार नेताम, अध्यक्षता मंत्री राजेश अग्रवाल ने की। विशेष अतिथि मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक लाभचंद बाफना, विधायक गण संभाग के समस्त भाजपा जिलाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, व्यापारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि टैक्स व्यवस्था कोई नई नहीं है, यह प्राचीन काल से समाज और राष्ट्र के संचालन का आधार रही है। राजा-महाराजाओं के समय से टैक्स लिया जाता था ताकि जनता के कल्याण और राज्य के संचालन के लिए संसाधन उपलब्ध हो सकें। लेकिन कांग्रेस के शासनकाल में टैक्स प्रणाली बेहद जटिल और असंगठित हो गई थी, जिसने व्यापारी वर्ग और आम जनता को बोझ तले दबा दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पाँच स्लैब को घटाकर दो स्लैब कर टैक्स को बेहद सरल, पारदर्शी और व्यावहारिक बनाया है। आज व्यापारी केवल व्यवसाय नहीं कर रहा, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण में भी अहम भूमिका निभा रहा है। "व्यापारी वर्ग जब अपने व्यापार से आगे बढ़कर देश के लिए सोचना शुरू कर देता है, तब राष्ट्र कई गुना तेजी से प्रगति की ओर अग्रसर होता है। मुख्य वक्ता मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि वन नेशन, वन टैक्स की अवधारणा भारत के इतिहास में सबसे बड़ा कर सुधार है। पुराने समय में भी राजा कर वसूलते थे ताकि निर्माण कार्य और जनकल्याण हो सके, लेकिन जब-जब करों का बोझ बढ़ा, शासक अलोकप्रिय हुए। कांग्रेस शासनकाल ने भी जनता पर अनावश्यक टैक्स का बोझ डालकर यही गलती दोहराई। उन्होंने कहा कि 2014 में जब प्रधानमंत्री मोदी ने देश की बागडोर संभाली, तब अर्थव्यवस्था चरमरा चुकी थी, भ्रष्टाचार चरम पर था और विकास ठप हो गया था। मोदी जी ने साहसिक निर्णय लेते हुए नोटबंदी, जीएसटी, जनधन योजना, शौचालय, गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला, बिजली और सड़क जैसी योजनाओं से गरीब और किसान वर्ग को मजबूत आधार दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि भारत को कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था, लेकिन लंबे समय तक चली गुलामी और कांग्रेस शासन ने देश को आर्थिक रूप से कमजोर कर दिया। मोदी जी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक लाभचंद बाफना ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में टैक्स व्यवस्था व्यापारियों और आम जनता दोनों के लिए बेहद कठिनाई पूर्ण थी। लेकिन मोदी जी ने इसे सरल और प्रभावी बनाकर व्यापारी वर्ग को राहत दी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जनधन, उज्ज्वला, किसान सम्मान निधि, मुफ्त अनाज जैसी योजनाओं के जरिए गरीब और जरूरतमंदों तक सीधी सहायता पहुंचाई। नोटबंदी और जीएसटी जैसे बड़े फैसले सामान्य नहीं थे, लेकिन इन्हीं निर्णयों ने भारत को मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने में मदद की। कार्यक्रम के बीच में वरिष्ठ टैक्स अधिवक्ता सुलोचना पांडे का सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक प्रबोध मिंज, विधायक राजकुमार टोप्पो, विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, विधायक भूलन सिंह मरावी, पूर्व मंत्री राम सेवक पैकरा, युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय तोमर, महापौर मंजूषा भगत, कमलभान सिंह, मेजर अनिल सिंह, जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया , मुरली मनोहर सोनी, एमसीबी चंपादेवी पावले, देवेन्द्र तिवारी , ओम प्रकाश जायसवाल , जिप अध्यक्ष निरूपा सिंह , चंद्रमणि पैकरा जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया ।

कार्यक्रम के अंत में भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने प्रधानमंत्री मोदी, सभी अतिथियों और उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। मंच का सफल संचालन कार्यक्रम संयोजक मुकेश गर्ग ने किया।




जीएसटी सम्मेलन में शामिल संगठन मंत्री पवन साय, कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, लक्ष्मी राजवाड़े, राजेश अग्रवाल व अन्य।



## राज्य स्तरीय बाढ़ आपदा मॉकड्रिल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्राकृतिक आपदाओं से समय रहते निपटने और राहत-बचाव कार्यों में दक्षता लाने के उद्देश्य से गुरुवार को जिले के श्याम घुनघुटा बांध में राज्य स्तरीय बाढ़ आपदा से निपटने हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल में जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व अमला, फायर ब्रिगेड तथा पंचायत प्रतिनिधियों कई विभागों की सक्रिय भागीदारी रही। मॉक ड्रिल के दौरान काल्पनिक परिकल्पना की गई कि क्षेत्र में लगातार भारी वर्षा के कारण अचानक बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई है। बाढ़ के चलते आसपास के गांवों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और लोग सुरक्षित स्थानों की तलाश में हैं। इस स्थिति में विभिन्न विभागों और आपदा प्रबंधन दलों ने समन्वय स्थापित कर राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया। मॉक ड्रिल के दौरान विभिन्न प्रकार की आपदा प्रबंधन गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। इसमें प्रभावित गांवों से लोगों को सुरक्षित निकालकर राहत शिविरों तक पहुंचाने की प्रक्रिया शामिल थी। नावों और रेस्क्यू बोट्स के माध्यम से बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से लोगों का सुरक्षित बचाव किया गया। डूबे हुए व्यक्ति के शव को तलाशने के लिए स्क्यूबा टीम और झग्गर का प्रयोग किया गया तथा उसे बाहर निकाला गया इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि ऐसे मॉक ड्रिल वास्तविक आपदा की स्थिति में त्वरित, समन्वित और प्रभावी प्रतिक्रिया देने में अत्यंत सहायक होते हैं। अपर कलेक्टर एवं बाढ़ आपदा नोडल अधिकारी सुनील नायक ने कहा कि श्याम घुनघुटा डेम के पास बाढ़ जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिए एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

## एसईसीएल रीजनल वर्कशॉप में विगत दो माह से पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- कार्यरत कर्मचारियों में भारी नाराजगी
- पीने योग्य स्वच्छ पानी के लिए तरस रहे कोल कर्मी, खुद से इंतजाम कर काम चला रहे

एसईसीएल बिश्रामपुर के रीजनल वर्कशॉप में कार्यरत मेहनतकश कोलकर्मी शुद्ध पेयजल के संकट से जूझ रहे हैं,लगभग दो माह से यहां करीब सौ कर्मचारियों को पीने योग्य साफ पानी नसीब नहीं हो रहा है। ज्ञात हो कि वर्कशॉप परिसर में प्रबंधन ने पहले बोरिंग कराकर पाइपलाइन से टंकियों को जोड़ा था,शुरूआती दिनों में पानी की आपूर्ति सामान्य रही,लेकिन अब हालात बदतर हो गये है।

पाइपलाइन कई जगहों से फट चुकी है और पानी टंकियों तक पहुंचने के बजाय गंदगी के साथ रिसकर बाहर आ रहा है,जिस वजह से पाइप से केवल गंदा और कीचड़युक्त पानी निकल रहा है,कर्मचारियों को मजबूरी में आस-पास भटककर पीने योग्य पानी का इंतजाम करना पड़ता है।कर्मचारियों ने बताया कि गंदा पानी के उपयोग की वजह से कई कामगार बीमार हो चुके हैं,कोल कर्मचारियों ने बताया कि रीजनल वर्कशॉप में करीब 30 महिला कर्मचारी भी कार्यरत हैं, इन्हें शौचालय और सामान्य उपयोग के लिए भी साफ पानी नहीं मिल पा रहा है,मजबूरी में उन्हें काम के बीच बाहर जाकर पानी लाना पड़ता है,कई बार पानी न होने की वजह से शौचालय तक इस्तेमाल करना मुश्किल हो जाता है, महिला कर्मचारियों का कहना है कि यह समस्या अब असहनीय हो चुकी है,कर्मचारियों का आरोप है कि उन्होंने कई बार इस समस्या की लिखित और मौखिक शिकायत क्षेत्रीय प्रबंधन और सिविल विभाग से की जा चुकी है,यहां तक कि वर्कशॉप प्रबंधन ने भी सिविल विभाग को कई पत्र भेजे हैं,पर हर बार सिर्फ यही जवाब मिला कि जल्द सुधार होगा,काफी शिकायतों के बाद भी दो महीने बाद तक पाइपलाइन की मरम्मत नहीं हो पाई है।

यहां पर कार्यरत कर्मचारियों ने कहा कि यदि जल्द ही इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया,तो वे आंदोलन का सहारा लेने को मजबूर होंगे।






### शंकरगढ़ बनेगा मॉडल ब्लॉक, शिक्षा व स्वास्थ्य सुधार पर एसडीएम ने ली बैठक

**शंकरगढ़।** एसडीएम अनमोल टोप्पो द्वारा आकांक्षी ब्लाक शंकरगढ़ की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में शिक्षा विभाग से एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। नोडल अधिकारी प्रिंसिपल्स एवं हेडमास्टर को पोर्टल पर डाटा अपडेट करने का प्रशिक्षण देंगे। इस कार्य की प्रगति की समीक्षा 13 अक्टूबर को पुनः की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के सूचकांकों पर भी गहन चर्चा की गई। विशेष रूप से एनक्यूएएस रैंकिंग में सुधार पर ज़ोर दिया गया। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ अलग से विस्तृत बैठक भी आयोजित की गई। इस अवसर पर एसडीएम अनमोल टोप्पो ने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत क्षेत्रों में सतत सुधार लाना है। सभी विभाग मिलकर समयबद्ध तरीके से कार्य करें, ताकि जिले को राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर पहचान मिल सके। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी जय गोविंद तिवारी, सहायक शिक्षा अधिकारी विजय कंवर, आकांक्षी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अमन जयसवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बाढ़ एवं पुल टूटने की आपदा को लेकर किया गया मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग रायपुर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आज ग्राम देवीपुर स्थित देवीपुर जलाशय एवं छठ घाट नगरपालिका में बाढ़ आपदा पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर एस जयवर्धन ने मॉक ड्रिल का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य एवं जिला स्तर पर बाढ़ बचाव, राष्ट्रीय राजमार्ग का पुल टूटने एवं आवागमन बाधित होने जैसी परिस्थितियों में प्रशिक्षण प्रदान करना था। छठ घाट में मॉक ड्रिल का नेतृत्व नोडल अधिकारी एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल ने किया। काल्पनिक परिस्थिति के तहत पुल टूटने एवं यातायात बाधित होने की स्थिति में रेस्क्यू ऑपरेशन, यातायात नियंत्रण, घायलों का परिवहन एवं नाव संचालन जैसी गतिविधियां कराई गईं। मॉक ड्रिल में टूटे हुए पुल की विपरीत दिशा में फंसे हुए नागरिकों को पुल की दूसरी तरफ सफलतापूर्वक लाया गया। वहीं देवीपुर तालाब में नोडल अधिकारी एसडीएम अजय मोडियम के नेतृत्व में अतिवृष्टि बाढ़ की स्थिति का अभ्यास किया गया। इसमें गांव खाली कराने, नाव संचालन, यातायात व्यवस्था, घायलों के सुरक्षित परिवहन, पेड़ में फंसे व्यक्ति को बचाने, सर्पदंश पीड़ितों का उपचार एवं मृतकों को सुरक्षित स्थान तक ले जाने जैसी गतिविधियां शामिल रहीं। इस अभ्यास में बटालियन, एनएसएस एवं डीडीआरएफ की टीम सक्रिय रहे।

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत की गई महिलाओं की जांच



**राजपुर।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विगत वर्षों में पहली बार सबसे ज्यादा ओपीडी 331 रही। इस दौरान 151 गर्भवती महिलाओं के साथ ही 180 सामान्य मरीज थे। शिविर में गर्भवती महिलाओं का प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जांच की गई। जांच में गर्भवती माहिलाओं की संपूर्ण जांच हमर लैब में करने के साथ ही उचित पोषण आहार एवं संस्थागत प्रसव के फायदे के बारे में जानकारी दी गई। सीएमएचओ डॉ. बसंत सिंह के दिशा निर्देश पर नवनियुक्त खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश जायसवाल एवं संस्था के सभी स्टाफ मरीजों की संख्या में वृद्धि पर किसी प्रकार की समस्या ना हो इस पर पूरा ध्यान रखते हुए समय सीमा पर सभी मरीजों का उपचार कर दवाई वितरण किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा अस्पताल के व्यवस्था को और सुदृढ़ करने हेतु ब्लॉक के सभी स्टाफ एवं जनप्रतिनिधि से लगातार सलाह एवं मीटिंग लेकर स्वास्थ्य सुविधा और लाभकारी तथा व्यवस्थित ढंग से हो सके इसके लिए प्रयासरत है।



### विद्यार्थियों को दिलाई गई स्वच्छता की शपथ

**सोनगरा।** स्वच्छ भारत मिशन एवं राज्य सरकार के रजत जयंती अंतर्गत एक दिन एक घंटा एक साथ नगर पंचायत भटगांव द्वारा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता संबंधी विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। सभी ने गीले और सूखे कचरे को अलग रखने, स्वच्छता बनाए रखने एवं समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण के पश्चात विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में श्रमदान कर सफाई कार्य किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती परमेश्वरी रजवाड़े, उपाध्यक्ष रामफल पैकरा, नगर के जनप्रतिनिधि, विद्यालय के प्राचार्य पीआर तोमर, विद्यालय के शिक्षक तथा नगर पंचायत के स्वच्छता कर्मचारी सम्मिलित हुए।

### कीटनाशक पीने से युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** शादी के बाद पत्नी के छोड़ देने से परेशान युवक ने कीटनाशक पी लिया। परिजन युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मेण्ड्रा निवासी अनित कुमार केरकेट्टा आ. धुनेश्वर केरकेट्टा (31 वर्ष) शादी के बाद पत्नी छोड कर चली गई थी जिसके बाद से युवक तनाव में था। बीती रात अज्ञात कारण से कीटनाक पी लिया।

## शाला त्यागी बच्चों का पुनः प्रवेश, शिक्षकों की पहल रंग लाई

**रामानुजनगर।** विकासखंड रामानुजनगर के माध्यमिक शाला पतरापाली में आज दो शाला त्यागी बच्चों का पुनः प्रवेश हुआ। यह पहल विद्यालय के शिक्षकों के निरंतर प्रयास और अभिभावकों को समझाइश का परिणाम है।

जानकारी के अनुसार विद्यालय के शिक्षक योगेश साहू एवं कृष्ण कुमार यादव बच्चों के अभिभावकों से संपर्क करने हेतु गांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उन्हें दो बच्चे बकरियां चराते हुए मिले। जब शिक्षकों ने दोनो से बातचीत की तो पता चला कि बच्चे पिछले साल से ही स्कूल नहीं जा रहे थे। शिक्षकों ने बच्चों के पालक ज्ञान सिंह से संपर्क कर शिक्षा के महत्व से अवगत कराया और बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाने हेतु प्रेरित किया। अभिभावक ने सकारात्मक पहल करते हुए अगले ही दिन बच्चों को विद्यालय में भेजने का आश्वासन दिया। आज राम सिंह एवं लक्ष्मण सिंह अपने पिता के साथ विद्यालय पहुंचे और दोनों का औपचारिक प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर पालक ज्ञान सिंह ने कहा कि पारिवारिक कारणों से पिछले वर्ष मैं अपने बच्चों का प्रवेश नहीं करा पाया। मुझे लगा इस वर्ष अब प्रवेश नहीं हो पाएगा, लेकिन शिक्षकों के सहयोग से मेरे बच्चों को शिक्षा का अवसर मिल सका है। विद्यालय परिवार ने बच्चों के पुनः प्रवेश पर गणवेश और पुस्तक देकर स्वागत किया।




**न्यायालय तहसीलदार सोनहत**
**जिला-कोरिया ( छ.ग. )**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2022-23
ग्रामः- दुधनियांखुर्द

//ईश्तहार//

आवेदक/आवेदिका देवलाल आ. दलसाय जाति चेरवा निवासी ग्राम दुधनियांखुर्द के द्वारा ग्राम दुधनियांखुर्द में अपने माता फुल कुंवर जिसका मृत्यु दिनांक 06/09/2011 में हुआ है, जिसका मृत्यु पंजीयन शासकीय/अर्द्धशासकीय ग्राम पंचायत में नहीं कराये जाने के कारण आवेदन पत्र मय पंचनामा अनुलब्धता प्रमाण-पत्र एवं वैध दस्तावेज के साथ इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त जन्म/मृत्यु के पंजीयन प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई दावा आपत्ति पेश करना है तो दिनांक 09/10/25 तक स्वयं अथवा अपने मान्य किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि में आपत्ति प्रस्तुत न करने पर किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नही किया जायेगा। अतः आज दिनांक 26/09/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सोनहत, जिला-कोरिया ( छ.ग. )**

**न्यायालयः- प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया, छ.ग.**

**ज्ञापन**

प्रोसेस क्रमांक- 1425/2025
आदेश दिनांक- 02.09.2025
पेशी दिनांक - 09.10.2025

**उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक/ रजिस्ट्रेशन क्रमांक 04/2025**

1. संजय कुमार पैकरा आ. रविकांत पैकरा उम्र 27 वर्ष 2. नैन्सी पैकरा आ. रविकांत पैकरा उम्र 21 वर्ष 3. मनीष कुमार पैकरा आ. रविकांत पैकरा उम्र 14 वर्ष अवयस्क द्वारा संरक्षक भाई संजय कुमार पैकरा आ. रविकांत पैकरा सभी जाति कवंर सभी निवासी ग्राम सत्तीपारा थाना व तह. बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग....आवेदक
प्रति
4. शाखा प्रबंधक, ग्रामीण बैंक शाखा बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. 5. सर्वसाधारण....अनावेदकगण

**बनाम :-**

आवेदक ने अनावेदकगण के विरूद्ध अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम वास्ते मृतक जुगमती पैकरा के नाम पर अनावेदक क्रमांक 01 की शाखा में जमा राशि को मय ब्याज प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है और आवेदन पत्र की सुनवाई पेशी तारीख 09.10.2025 को दिन के ठीक 11:00 बजे होगी।

अतः आपको ताकिद सूचनार्थ करते हैं कि आपको मुतलफिक की जायदाद में हक हासिल हो तो ऐसा दावा रखते है कि आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उक्त तारीख को हक के कैफियत के साथ हाजिर हो। फिर भी आप उक्त दिनांक को हाजिर नहीं हुये तो उस आवेदन की सुनवाई आपकी गैर हाजिरी में की जावेगी। यदि उक्त तारीख को न्यायालय अवकाश रहता है तो अगले न्यायालयीन कार्य दिवस पर आवेदन की सुनवाई की जावेगी।

आज दिनांक 19.09.2025 को न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

**( प्रतीक्षा अग्रवाल )**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.**

**न्यायालयः- प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया, छ.ग.**

**ज्ञापन**

प्रोसेस क्रमांक-1424/2025
आदेश दिनांक - 09.09.2025
पेशी दिनांक - 16.10.2025

**उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक/ रजिस्ट्रेशन क्रमांक 10/2025**

1. जयमंगल सिंह आ. दलसाय आयु 52 वर्ष जाति गोंड 2. ननकु सिंह आ. स्व. दलसाय आयु 50 वर्ष जाति गोंड 3. कतकी बाई आ. स्व. दलसाय उम्र 44 वर्ष जाति गोंड सभी निवासी ग्राम सलगवांकला थाना व तह. सोनहत जिला कोरिया छ.ग....आवेदक
प्रति
4. शाखा प्रबंधक, सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा सोनहत जिला कोरिया छ.ग. 5. सर्वसाधारण....अनावेदकगण

**बनाम :-**

आवेदक ने अनावेदकगण के विरूद्ध अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम वास्ते मृतक नीरा बाई के नाम पर अनावेदक क्रमांक 01 की शाखा में जमा राशि को मय ब्याज प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है और आवेदन पत्र की सुनवाई पेशी तारीख 16.10.2025 को दिन के ठीक 11:00 बजे होगी।

अतः आपको ताकिद सूचनार्थ करते हैं कि आपको मुतलफिक की जायदाद में हक हासिल हो तो ऐसा दावा रखते है कि आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उक्त तारीख को हक के कैफियत के साथ हाजिर हो। फिर भी आप उक्त दिनांक को हाजिर नहीं हुये तो उस आवेदन की सुनवाई आपकी गैर हाजिरी में की जावेगी। यदि उक्त तारीख को न्यायालय अवकाश रहता है तो अगले न्यायालयीन कार्य दिवस पर आवेदन की सुनवाई की जावेगी।

आज दिनांक 19.09.2025 को न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

**( प्रतीक्षा अग्रवाल )**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.**



# श्रीराम पर बनेगी एनिमिटेड फिल्म, कुणाल-मौनी देंगे आवाज

**मुंबई।** भगवान श्रीराम पर बन रही एनिमेटेड फिल्म महायोद्धा राम का निर्माताओं ने एलान कर दिया है। साथ ही घोषणा की गई है कि कुणाल कपूर और मौनी रॉय इसमें अपनी आवाज देंगे। इतना ही नहीं, मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट भी जारी कर दी है। मेकर्स ने गुरुवार के दिन एनिमेटेड फिल्म 'महायोद्धा राम' का ऐलान किया है। इस फिल्म में कई दिग्गज एक्टर्स अपनी आवाज देंगे। फिल्म में श्रीराम की आवाज कुणाल कपूर बनेंगे, तो जिमी शेरगिल भगवान लक्ष्मण की आवाज देंगे। इसके अलावा माता सीता की आवाज मौनी रॉय बनेंगी और लंकाधिपति रावण की दमदार आवाज को गुलशन ग्रोवर देंगे।

## लाइफ Style



# श्रद्धा

अभिनेत्री श्रद्धा श्रीनाथ की अपकमिंग थ्रिलर वेब सीरीज 'द गेम: यू नेवर प्ले अलोन' रिलीज होने के लिए तैयार है। इसका ट्रेलर मेकर्स ने गुरुवार को जारी कर दिया। यह नेटफ्लिक्स की पहली तमिल सीरीज है। यह सीरीज एक ऐसी कहानी बयां करती है, जहां वर्चुअल और वास्तविक दुनिया की सीमाएं धुंधली हो जाती हैं।

## द गेम: यू नेवर प्ले अलोन का ट्रेलर जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यह न केवल एक थ्रिलर है, बल्कि इसमें पारिवारिक रिश्तों की जटिलताएं, विश्वास का संकट और तकनीक के अनियंत्रित होने का डर भी शामिल है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे एक गेम में लिया गया हर फैसला असल जिंदगी में गंभीर परिणाम ला सकता है। यह कहानी दर्शकों को सोचने पर मजबूर करेगी जब आपका बनाया हुआ खेल ही आपके खिलाफ हो जाए, तो क्या होगा? अप्लॉज एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर बनी इस सीरीज को राजेश एम. सेल्वा ने निर्देशित किया है। उन्होंने सीरीज को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, द गेम के जरिए मैं उन चीजों को पर्दे पर सबके सामने लाना चाहता था, जो हमारी बनाई दुनिया और असल जिंदगी को अलग करती है। यह एक हाई-वोल्टेज थ्रिलर है, जिसमें पारिवारिक ड्रामा और रिश्तों के बीच उलझनें भी देखने को मिलेंगी। उन्होंने आगे कहा, आज के डिजिटल जमाने में कुछ भी वर्चुअल नहीं रहता है। स्क्रीन पर होने वाली घटनाएं अक्सर असल जिंदगी को प्रभावित करती हैं, और इसके परिणाम हमारे नियंत्रण से बाहर हो सकते हैं। हर मुखौटे के पीछे एक सच्ची कहानी छिपी है, और इस सच्चाई का सामना करना ही कहानी की ताकत है।

## हॉलीवुड मसाला



# रिहाना ने किया बच्चे का स्वागत

**लॉस एंजिल्स।** सिंगर रिहाना तीसरी बार मां बन गई हैं। उन्होंने यह खुशखबरी बृहस्पतिवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए दी। उन्होंने पोस्ट के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह अपनी बेटी को गोद में लिए हुए नजर आ रही हैं। उन्होंने बच्चे का नाम रॉकी आयरिश मेयर्स रखा है। रिहाना ने 2022 में अपने बॉयफ्रेंड रॉकी के साथ अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। अगस्त 2023 में उन्होंने अपने दूसरे बच्चे को जन्म दिया। अब, 2025 में, उन्होंने अपने तीसरे बच्चे के जन्म का ऐलान किया है।



# सामने आया मार्वल के वुल्वरीन का ट्रेलर

**लॉस एंजिल्स।** लंबे इंतजार के बाद स्पाइडर-मैन 2 फेम इनसोम्नियाक गेम्स ने मार्वल के वुल्वरीन की पहली झलक जारी कर दी है। यह एक सिंगल प्लेयर फ्रैंचाइजी होगी, जिसमें स्पाइडर-मैन सीरीज के गेम्स जैसे ही मैकेनिक्स और गेमप्ले होंगे। अब इस गेम का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर से ये साफ है कि इस गेम में जबरदस्त हिंसा और क्रूरता नजर आने वाली है। ट्रेलर ने ये साफ कर दिया है कि इसमें भयंकर युद्ध होने वाला है। साथ ही इसमें कुछ नए चेहरों के साथ पुराने चेहरे भी नजर आएंगे। यह गेम 2026 में खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध होगा। सटीक तारीख अभी भी तय नहीं हुई है। ट्रेलर में जबरदस्त एक्शन और खूनी संघर्ष देखने को मिला है। दर्शक यहां लोगान के एडामेंटियम पंजों को कुछ वीभत्स एक्शन में देख सकते हैं।



# 68वीं फिल्म दायरा की शुरू की शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान, जो 25 साल से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में हैं। उन्होंने अपनी 68वीं फिल्म 'दायरा' की शूटिंग शुरू कर दी है। जिसकी एक खास झलक करीना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। करीना कपूर ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' के पहले दिन की शूटिंग की झलक शेयर की। फिल्म 'दायरा' का निर्देशन मेघना गुलजार कर रही हैं। इस फिल्म में करीना के अलावा साउथ अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन भी मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन पुलिस अफसर के किरदार में नजर आएंगे। 'दायरा' एक क्राइम-ड्रामा थ्रिलर फिल्म है, जो आज के समाज की जटिलताओं को दिखाती है। यह अपराध, सजा और न्याय के बीच के संघर्ष को उजागर करती है।



# उज्जैन में भस्म आरती में शामिल हुए संजय

**मुंबई।** गुरुवार सुबह बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त ने उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में नवरात्रि उत्सव के दौरान भस्म आरती में भाग लिया। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। संजय दत्त ने उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के दर्शन किए। जहां वे साधारण पारंपरिक पोशाक में अन्य भक्तों के साथ भक्ति में डूबे दिखे। संजय को मंदिर के नंदी हॉल में बैठकर भस्म आरती करते हुए देखा गया। संजय दत्त हाल ही में फिल्म 'बागी 4' में नजर आए, जिसमें टाइगर श्रॉफ, हरनाज संधू और सोनम बाजवा भी अहम भूमिका में थे। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। उनकी अगली फिल्म 'धुरंधर' होगी, जिसमें रणवीर सिंह, आर. माधवन और अक्षय खन्ना जैसे सितारे हैं। यह एक जासूसी थ्रिलर फिल्म है, जो एक गुप्त एजेंट की कहानी पर आधारित है।

## टीवी मसाला



# एलिस इन बॉर्डरलैंड का तीसरा सीजन रिलीज

**मुंबई।** लोकप्रिय जापानी सीरीज 'एलिस इन बॉर्डरलैंड'का तीसरा सीजन गुरुवार को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुका है। फैंस के लिए सबसे ज्यादा खुशी की बात ये है कि इस हिट जापानी साइंस-फिक्शन सीरीज के सभी एपिसोड एकसाथ रिलीज हुए हैं। यानी गुरुवार से सारे एपिसोड नेटफ्लिक्स पर मौजूद हैं। अब फैंस को इस शो के अलग-अलग एपिसोड के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इस सीजन में कुछ छह एपिसोड हैं। दिसंबर 2022 में रिलीज होने वाली इस सीरीज का दूसरा सीजन एक रोमांचक मोड़ पर खत्म हुआ था। जब उसागी (ताओ त्सुचिया) और अरिसु (केंटो यामाजाकी) किसी तरह वास्तविक दुनिया में वापस आने में कामयाब रहे। जहां दोनों अपने भविष्य को लेकर खुश दिख रहे थे, वहीं कैमरा एक जोकर कार्ड की ओर घूम गया। रिपोर्ट के अनुसार, सीजन 3 में वे शादीशुदा हैं और खेलों की उनकी यादें मिट चुकी हैं। लेकिन अंततः उन्हें वापस उस भयावह दुनिया में ले जाया जाएगा। एलिस इन बॉर्डरलैंड हारो असो के इसी नाम के मांगा (कॉमिक्स) पर आधारित है। चूंकि दूसरा सीजन मांगा की कहानी के साथ समाप्त होता है, इसलिए निर्देशक शिंसुके सातो और उनकी टीम ने सीरीज के तीसरे सीजन के लिए स्क्रिप्ट से हटकर काम किया है। नए सीजन की कहानी समय के साथ आगे बढ़ेगी क्योंकि दोनों सितारे, उसागी और अरिसु, अब खुशहाल शादीशुदा जिंदगी जी रहे हैं।

## रामलीला में पुनीत का नया अवतार

**नई दिल्ली।** नवरात्रि का त्योहार आते ही देशभर में रामलीला का रंग चढ़ जाता है। हर साल लोग इस पल का बेसब्री से इंतजार करते हैं, जब



रामलीला मंचन होता है और बड़े-बड़े सितारे अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लेते हैं। ऐसे ही एक अभिनेता अयोध्या की रामलीला में एक अलग ही अंदाज में नजर आए हैं। अयोध्या में राम लीला हो रही है, जिसमें पुनीत इस्सर परशुराम का किरदार निभा रहे हैं। परशुराम का किरदार निभा रहे पुनीत ने मीडिया से इस बारे में बात की। उन्होंने कहा- बहुत ही बढ़िया लगा, मैं ईश्वर का आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे ये सुअवसर प्राप्त करवाया कि मैं रामलला की पावन धरती पर आया हूं और मुझे रामलीला में परशुराम का किरदार निभाने का सौभाग्य मिला है। मैं तो बस ये समझता हूं कि सनातन धर्म की सेवा में ये मेरा छोटा सा योगदान है। दिल्ली की रामलीला तो पहले से ही काफी मशहूर है, लेकिन इस बार अयोध्या की रामलीला पर भी सबकी निगाहें टिकी हुई हैं।

# जान्हवी ने वरुण, सान्या के साथ संस्कारी अंदाज में मनाई नवरात्रि

*__मुंबई।__ बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने नवरात्रि का उत्सव पारंपरिक अंदाज में शुरू किया और इसकी तस्वीरें साझा कीं। उनके साथ उनकी आने वाली फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के सह-कलाकार वरुण धवन, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ और मनीष पॉल भी नजर आए। जान्हवी कपूर ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के अपने को-स्टार्स के साथ तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में वरुण, रोहित, सान्या और खुद जान्हवी पारंपरिक स्टाइलिश कपड़ों में नजर आ रहे हैं। जान्हवी ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'हैप्पी नवरात्रि संस्कारी स्टाइल।' पहली तस्वीर में सभी साथ में पोज देते*



*दिखे। बाती तस्वीरों में जान्हवी अकेले और वरुण और सान्या के साथ मुस्कुराते हुए नजर आईं। हाल ही में फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का रोमांटिक गाना 'तू है मेरी' रिलीज हुआ, जिसे सचेत-परंपरा ने गाया और बनाया, जबकि बोल कौसर मुनीर ने लिखे। शशांक खेतान के निर्देशन में बनी यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। यह फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस फिल्म में वरुण धवन, जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ, अक्षय ओबेरॉय और मनीष पॉल मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।*

# नवरात्रि में 45 सालों से इस देवी गीत की रहती है धूम...

**मुंबई।** 80 के दशक की ब्लॉकबस्टर फिल्म आशा के भजन 'तूने मुझे बुलाया शेरावालिये' के बिना नवरात्रि फीकी लगती है। 21 मार्च 1980 में नवरात्रि के मौके पर रिलीज की गई इस फिल्म में यूं तो जितेंद्र -रीना रॉय की जोड़ी थी,



लेकिन इस भजन को जितेंद्र और टी रामेश्वरी पर फिल्माया गया था। इस फिल्म में रामेश्वरी ने जितेंद्र की ऑनस्क्रीन वाइफ की भूमिका निभाई थी, लेकिन जितेंद्र और रीना रॉय की जोड़ी हिट हो गई थी। जे ओम प्रकाश के निर्देशन में 1980 में बनी फिल्म आशा को लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी ने संगीत से सजाया था। प्रसिद्ध भजन को एक बार मोहम्मद रफी ने तो एक बार नरेंद्र चंचल ने गाया था। माता रानी पर बनाए गए इस भजन की कशिश 45 साल भी बरकरार है।

## ज्यादातर फिल्मों में होती है हैप्पी एंडिंग, दर्शक हो जाते हैं खुश

# एक साल में आई वो 3 ब्लॉकबस्टर फिल्में, जिनका लास्ट देख चकराया दिमाग

*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड में कुछ फिल्में ऐसी भी बनीं जिन्होंने भारतीय सिनेमा को अलग पहचान बनाई। इन फिल्मों का लास्ट सीन इतनी चालाकी से लिखा गया कि बड़े-बड़े मूवी लवर्स भी नहीं समझ पाए। 90 फीसदी दर्शकों ने बार-बार लास्ट सीन देखा और जवाब तलाशने की कोशिश की, लेकिन मन में आए सवालों के जवाब नहीं मिले। कई दर्शकों ने अपना माथा पकड़ लिया। हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी खासियत यही है कि फिल्म के अंत में सब कुछ ठीक हो जाता है। ज्यादातर फिल्मों में हैप्पी एंडिंग होती है। सभी दर्शक लास्ट सीन देखकर खुश हो जाते हैं। लेकिन, बॉलीवुड में कुछ फिल्में ऐसी भी बनीं जिनका लास्ट सीन 90 फीसदी दर्शकों की समझ में नहीं आया। इन फिल्मों ने अपने कंटेट से पूरी दुनिया में भारतीय सिनेमा को अलग पहचान भी दिलाई। ये फिल्में थीं - अंधाधुन, स्त्री और तंबड़। इन फिल्मों का लास्ट सीन सस्पेंस से भरा हुआ था। लास्ट सीन में इतने परतें थी कि दर्शकों सोचने को मजबूर हुए। थिएटर्स से बाहर आने के बाद लास्ट सीन की अपने-अपने ढंग से व्याख्या की। फिल्म के लास्ट सीन ने कई सवाल छोड़े थे। क्या आकाश अंधा है, क्या सच में उसे कुछ नहीं दिख रह, क्या वो अंधा होने का नाटक कर रहा है, कुछ ऐसे सवाल थे, जिनको लेकर दर्शकों के बीच बहस छिड़ रही।*

### अंधाधुन

सबसे पहले बात करते हैं 5 अक्टूबर 2018 में आई अंधाधुन फिल्म की। यह एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म थी। फिल्म में दिखाई गई स्टोरी दर्शकों की सोच से एक कदम आगे की थी। फिल्म एक ब्लाइंड पियानो प्लेयर आकाश की कहानी को दिखाती है जो अनजाने में एक मर्डर का गवाह बन जाता है। चालाक पत्नी सिमी और उसका पुलिस इंस्पेक्टर प्रेमी मर्डर करते हैं। फिल्म के लास्ट सीन में आकाश यूरोप के एक शहर में बैठा होता है। उसके साथ उसकी प्रेमिका बैठी होती है, जिसे वह कहानी का लास्ट सीन बता रहा होता है। वह खुद को बेचारा साबित करने की कोशिश करता है और सिमी को विलेन बताता है। लेकिन, दिलचस्प बात यह है कि आकाश फिल्म खत्म होने से ठीक पहले रोड पर पड़ी स्टिक से कैन को दूर हटा देता है। इससे साबित होता है कि वो ब्लाइंड नहीं है। फिल्म के डायरेक्टर श्रीराम राघवन ने ऐसी एंडिंग रखी थी कि फिल्म खत्म हो जाने के बाद दर्शक सोचने को मजबूर हुए कि आखिर हुआ क्या था. फिल्म में एक डायलॉग भी था कि 'कुछ चीजें अधूरी होकर भी पूरी लगती हैं।' फिल्म अधूरी होते हुए भी पूरी लगती है। श्रीराम राघवन को सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों का मास्टर कहा जाता है। उन्होंने 2004 में एक हसीना से बतौर डायरेक्टर डेब्यू किया था।

**स्त्री** : 31 अगस्त 2018 में ही एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री आई थी। फिल्म में राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर, पंकज त्रिपाठी, अपरिक्षित खुराना और अभिषेक बनर्जी अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। फिल्म का डायरेक्शन अमर कौशिक ने किया था। फिल्म में गांव की एक ऐसी कहानी को सामने रखा गया था, जिसमें एक चुड़ैल गांव के मर्दों के पीछे पड़ जाती है। जो भी मर्द उसकी ओर से देखता है, उसे गायब कर देती है। फिल्म में एक विकी नाम का टेलर था। चुड़ैल से विकी का प्यार भी दिखाया जाता है। फिल्म के लास्ट



में दिखाया जाता है कि श्रद्धा कपूर चुड़ैल की चोटी निकालकर अपने बालों में जोड़ लेती है। फिर बस से गायब हो जाती है। फिल्म के इस लास्ट सीन ने दर्शकों का दिमाग घुमाकर रख दिया था। यह सीन दर्शकों को समझ नहीं आया था। स्त्री फिल्म की कहानी एक सच्ची घटना से प्रेरित थी। 90 के दशक में बेंगलुरु के पास ग्रामीण इलाकों में प्रचलित थी। लोग बताते थे कि एक महिला रात में गलियों में अपने पति को खोजते हुए घूमती है। घर से मर्दों को उठाकर अपने साथ ले जाती है।

### तुम्बाड़

2018 में ही एक और सस्पेंस थ्रिलर फिल्म सिनेमाघरों में आई थी जिसे मास्टरपीस माना जाता है। यह फिल्म थी तुम्बाड़। यह फिल्म पौराणिक कथाओं पर आधारित थी। पूर्ति की देवी और हस्तर की कहानी को सामने रखा गया था। हस्तर इंसान के लालच का फायदा उठाकर उसका शिकार करता था। फिल्म में विनायक राव नाम का एक कैरेक्टर है जो तुम्बाड़ गांव में किले के नीच खुदाई करता है। वह अपने बेटे को भी अपने साथ ले जाता है। फिल्म के लास्ट सीन में देखने को मिलता है कि विनायक का बेटा उससे भी ज्यादा लालची निकलता है। वो आटे की गुड़यि लेकर आता है ताकि ज्यादा से ज्यादा खजाना निकाल सके। कहनी में शॉकिंग ट्विस्ट तब आता है जब आटे की हर गुड़िया से एक हस्तर जन्म लेता है। ऐसे में विनायक आटे की बची हुई गुड़यि खुद से बांधकर रस्सी के सहारे वहां से भागने की कोशिश करता है। सारे हस्तर उसकी ओर बढ़ते हैं। अपने बेटे की जान बचाने के लिए विनायक खुद को हस्तर के श्राप में फंसा देता है। उसका पूरा शरीर जल जाता है। विनायक हस्तर से पोटली चुराकर अपने बेटे की ओर फेंकता है लेकिन उसका बेटा समझ जाता है कि लालच बुरी बला है। वो विनायक को जलाकर श्राप से मुक्ति देता है। लालच का मोह त्याग देता है।

## जगह-जगह विराजी जगत जननी मां दुर्गा...


सोनहत के कचडांड़ में विराजी मां दुर्गा।


सोनहत के दामुज में विराजी मां दुर्गा।


महादेव चौक सोनहत में विराजी मां दुर्गा।


सोनहत के केशगवां में विराजी मां दुर्गा।


सोनहत के बुढ़ार में विराजी मां दुर्गा।


एमसीबी जिले के ग्रापं उजियारपुर में विराजी मां दुर्गा।


एमसीबी जिले के ग्रापं लोहारी में विराजे मां दुर्गा

### मानस भवन में हुआ अनोखा आयोजन

# सास-बहू सम्मेलनः रोचक किस्सों संग महिला स्वास्थ्य पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुण्ठपुर

जिले में शुक्रवार को एक अनोखा और रोचक आयोजन हुआ। इसमें महिलाओं के स्वास्थ्य और पारिवारिक एकता पर गहन चर्चा हुई। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बैकुंठपुर के मानस भवन में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत जिला स्तरीय सास-बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुबह से ही महिलाओं का उत्साह देखने लायक था। साड़ियों मेंसजी-धजी महिलाएं अपनी बहुओं और सासों के साथ पहुंचीं। मंच में महिलाओं की हंसी-ठिठोली और आत्मीय किस्सों से वातावरण जीवंत हो उठा।

स्वास्थ्य शिविर में काफी संख्या में महिलाओं ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कराई और चिकित्सकों से परामर्श लिया। सम्मेलन का सबसे आकर्षक पहलू रहा सास-बहुओं का अनुभव साझा करना। एक बहू ने कहा कि मेरी सास ने हमेशा मां जैसा स्नेह दिया, कभी भेदभाव महसूस नहीं होने दिया। वहीं एक सास ने मुस्कुराते हुए कहा मेरी बहू मुझे कभी पराई नहीं लगी, वह मेरी बेटी की तरह ही सबका ध्यान रखती है। इन किस्सों पर सभागार तालियों से गूंज उठा और पारिवारिक रिश्तों की मधुरता का सुंदर चित्र उभर कर सामने आया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और समाज की नींव है। यदि हमें समृद्ध कोरिया बनाना है तो महिलाओं का स्वस्थ, शिक्षित और सुरक्षित होना जरूरी है। उन्होंने सभी परिवारों से पौष्टिक भोजन को अपनाने की सलाह दी और कुपोषण व बाल विवाह की कुरीतियों को मिलकर खत्म करने का आह्वान किया। कोलकाता से आईं डॉ. मंदिरा मित्रा ने कहा कि महिलाओं की क्षमता किसी भी परिस्थिति में पुरुषों से कम नहीं है। उन्होंने भेदभाव को घर से ही मिटाने पर जोर दिया। जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि यह सम्मेलन केवल स्वास्थ्य जागरूकता ही नहीं बल्कि एक-दूसरे की देखभाल का संकल्प भी है। उन्होंने महिलाओं से आर्थिक सशक्तिकरण के लिए स्व-सहायता समूहों से जुड़ने की अपील की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने मातृ-शिशु स्वास्थ्य, गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच और एमसीपी कार्ड की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। योजनाओं की जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एनएस रावटे ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहा यह अभियान जिलेभर में महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। जिले को कुपोषण एवं टीबी मुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई एवं प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं, विद्यालय की छात्राओं एवं सास बहुओं के द्वारा विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। सास बहू सम्मेलन कार्यक्रम के याद के तौर पर सभी मुख्य अतिथियों को मोमेंटो प्रदान किया गया। छात्राओं ने शानदार व प्रेरणा दायी रंगोली बनाकर अतिथियों का दिल जीत लिया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती प्रतिक्षा अग्रवाल, महिला सेल की अधीक्षिका, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, अन्य जनप्रतिनिधि, पुलिस अधिकारी, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित काफी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।


मानस भवन में आयोजित सम्मेलन।

## शिवपुर चरचा में स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण



चरचा कॉलरी। रजत जयंती वर्ष 2025 एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत नगर पालिका परिषद शिवपुर चरचा द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाली स्वच्छता दीदियों के लिए भव्य स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मोबाइल मेडिकल यूनिट की टीम ने सभी दीदियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श व दवाइयां उपलब्ध कराईं। टीम में डॉ. सुजन सिंह, स्टाफ नर्स सुनीता कुमारी, फार्मासिस्ट माया साहू, लैब टेक्नीशियन दीप प्रकाश एक्केसो, एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर रूपेश कुमार दुबे और राजेन्द्र कुमार शामिल रहे। नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कुमार जायसवाल ने कहा कि स्वच्छता दीदियां नगर की शान हैं, इनके स्वास्थ्य और सम्मान की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। वहीं जिला कलेक्टर ने संदेश देते हुए अधिकारियों को समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। नगरवासियों ने इस पहल का स्वागत किया और कहा कि स्वच्छता दीदियां दिन-रात मेहनत कर नगर को स्वच्छ बनाए रखती हैं, ऐसे में उनका सम्मान होना जरूरी है। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद कई दीदियों ने बताया कि उन्हें पहली बार इस तरह की देखभाल और पहचान मिली है, जिससे उन्हें और बेहतर काम करने की प्रेरणा मिली है।

## मनसुख में आयुष स्वास्थ्य शिविर और योगाभ्यास



बैकुण्ठपुर। जिले के ग्राम मनसुख में गुरूवार को आदि कर्मयोगी अभियान, स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान और पोषक माह अभियान के अंतर्गत आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय में स्वास्थ्य, पोषण और जीवनशैली सुधार के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आयुष प्रणाली के माध्यम से स्थानीय लोगों को सशक्त बनाना था। शिविर में ग्रामवासियों को आयुष चिकित्सा से संबंधित जानकारी दी गई और उनकी स्वास्थ्य जांच की गई। कार्यक्रम में शामिल अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को संतुलित आहार, पोषण और दैनिक जीवन में स्वास्थ्य सुधार के उपाय समझाए। साथ ही सियान-जतन कार्यक्रम के तहत जिले की सभी आयुष संस्थाओं में समान कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस पहल के माध्यम से न केवल स्वास्थ्य जांच और जागरूकता बढ़ी, बल्कि ग्रामीण समुदाय में आयुष आधारित प्राकृतिक और सुरक्षित उपचार विधियों के महत्व को भी उजागर किया गया। ग्राम मनसुख में योगाभ्यास सत्र भी आयोजित किया गया। इसमें ग्रामीणों ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए विभिन्न योगाभ्यास किए। योग सत्र में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। आयुष स्वास्थ्य शिविर और योगाभ्यास कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि इस तरह की पहल से न केवल स्वस्थ नारी और सशक्त परिवार सुनिश्चित होंगे, बल्कि ग्रामीण समुदाय में स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और जागरूकता भी बढ़ेगी।

## छात्रों को एड्स से बचाव की दी गई जानकारी



बैकुण्ठपुर। शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में जिला एड्स नियंत्रण समिति कोरिया के सहयोग से स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. अभय जुगुल तिर्की, आईसीटीसी काउंसलर देवी प्रसाद सोनी, माइक्रोबायोलॉजिस्ट सत्येन्द्र जायसवाल, मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट निशुल जायसवाल एवं पीयर सपोर्टर (हेपेटाइटिस) श्लेष यादव सहित स्वास्थ्य दल उपस्थित रहा। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कृपा कल्याणी टोप्पो द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुई। विशेषज्ञों ने छात्रों व एनसीसी कैडेट्स को एचआईवी (एड्स), हेपेटाइटिस, रैबीज, जलजनित रोग एवं टीबी जैसी बीमारियों से बचाव की विस्तृत जानकारी दी। श्री देवी प्रसाद सोनी ने एड्स संक्रमण के कारण एवं बचाव उपाय बताए। डॉ. अभय जुगुल तिर्की ने हेपेटाइटिस और रैबीज पर जानकारी दी। सत्येन्द्र जायसवाल ने जलजनित बीमारियों एवं फ्लोराइड से होने वाली हानियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में छात्रों ने प्रश्नोत्तरी के माध्यम से जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

## सुव्यवस्थित विकास को लेकर कलेक्टर से मिले चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी

बैकुण्ठपुर। छग चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज जिला कोरिया के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी एवं जिला पंचायत सीईओ आशुतोष चतुर्वेदी से मुलाकात कर नगर विकास के विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस संबंध में विज्ञप्ति जारी कर छग चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज जिला कोरिया के जिलाध्यक्ष शारदा गुप्ता ने बताया कि बैकुंठपुर जिला मुख्यालय में व्यापार की गति देने के लिए विशेष प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। इसी महत्वपूर्ण विषय को ध्यान में रखते हुए मुख्यालय की गरिमानूरूप विकास की मांग को लेकर चेंबर पदाधिकारियों ने कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपा। इसमें प्रमुख रूप से खरवत चौक से लेकर जमगहना चौक तक सड़क के दोनों ओर मुख्य मार्ग में समुचित प्रकाश व्यवस्था की मांग की, जिससे कि जिला मुख्यालय प्रवेश करने पर होने वाली दुर्घटनाओं को भी रोका जा सकेगा।



## लेफ्टिनेंट कर्नल जितेन्द्र बने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी



बैकुण्ठपुर। सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर रणजीत सिंह बिष्ट की जगह अब लेफ्टिनेंट कर्नल जितेन्द्र कुमार देवांगन (से.नि.) को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी पदस्थ किया गया है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं एवं आश्रितों के साथ आयोजित मासिक सैनिक सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन में उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। बच्चों को मिलने वाली छात्रवृत्ति एवं शैक्षिक सहायता के बारे में विस्तार से बताया। पूर्व सैनिकों के लिए रोजगार अवसरों पर जानकारी दी। शासकीय अस्पतालों में इलाज एवं ईसीएचएस योजना के अंतर्गत खर्च की प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि सैनिक विश्राम गृह के लिए भूमि आवंटन के लिए कलेक्टर से चर्चा की गई है और प्रक्रिया प्रगति पर है। पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों ने नई जानकारी मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## जामपारा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

बैकुण्ठपुर। जिला मुख्यालय से सटे ग्राम पंचायत जामपारा दुर्गा पूजा पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जामपारा स्थित धनेंद्रश्वर महादेव शिव शक्ति पीठ की ओर से विशाल ग्रुप डांस प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के संबंध में दुर्गा पूजा समिति के प्रमुख अमित चिकनजूरी (गोल्डन) ने बताया कि जिला स्तरीय डांस प्रतियोगिता का आयोजन 30 सितंबर को शाम 7 बजे किया जाएगा। प्रतियोगिता में करमा गीत एवं भक्ति गीत की शर्त रखी गई है,जबकि यहां पर प्रतिभागियों के लिए कोई भी शुल्क नहीं रखा गया है। प्रतिभागियों को रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप में एक नारियल और एक चुनरी लानी होगी।

# विशालकाय महुआ पेड़ हटाया गया



चरचा कॉलरी। शासकीय हाई स्कूल चरचा कॉलरी में गुरूवार को उस समय बड़ा हादसा टल गया, जब परिसर में खड़ा एक विशाल महुआ का पेड़ अचानक गिर पड़ा। घटना के समय विद्यालय में सैकड़ों छात्र-छात्राएं कक्षाओं में मौजूद थे। पेड़ की भारी डगाल जमीन पर गिरते ही अफरा-तफरी मच गई, लेकिन सौभाग्य से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि परिसर में कई पुराने और जर्जर पेड़ खड़े हैं, जिन पर समय रहते ध्यान देना आवश्यक है। अभिभावकों ने सवाल उठाया कि यदि पेड़ कक्षाओं की ओर गिरता तो बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना देने के बावजूद नगर पालिका कर्मचारियों के समय पर नहीं पहुंचने से नाराजगी और बढ़ी। प्रशासन की लापरवाही को लेकर शिक्षक, छात्र और अभिभावक आक्रोशित रहे। खबर प्रकाशित करने के बाद नगर पालिका हरकत में आई। शुक्रवार सुबह कर्मचारियों की टीम स्कूल पहुंची और पेड़ की बड़ी डगालों को काटकर हटाया तथा परिसर की सफाई की।

## कोरिया नीर 15 दिनों से बंद

चरचा कॉलरी। नगर पालिका क्षेत्र चरचा के सुभाष नगर स्थित कोरिया नीर पिछले 15 दिनों से बंद पड़ा हुआ है। पेयजल आपूर्ति ठप रहने से वार्डवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दुर्गा पूजा पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने के बीच शुद्ध पेयजल की अनुपलब्धता ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की बेरुखी साफ दिखाई दे रही है। न तो मशीन की मरम्मत कराई गई है और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। चरचा क्षेत्र में कुल पांच कोरिया नीर स्थापित हैं, इनमें सामान्य दिनों में केवल दो ही संचालित रहते हैं। अब एक और नीर बंद होने से महज एक नीर पर ही हजारों लोगों को निर्भर रहना पड़ रहा है। लोगों ने आरोप लगाया है कि शिकायतों के बावजूद अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। वार्डवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि तत्काल नीर चालू नहीं किया गया तो वे विरोध प्रदर्शन करने विवश होंगे। उन्होंने जिला प्रशासन और नगर पालिका परिषद से मांग की है कि शीघ्र ही बंद पड़े नीर को शुरू किया जाए और अन्य नीरों की भी नियमित जांच व रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए।



PRP/GFC
तकनीक व्दारा
गंजेपन का ईलाज
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

## पृष्ठ 1 का शेष

### कोरिया जिले में...

**गुरूघासीदास टाइगर रिजर्व क्षेत्र-** कोरिया जिले में स्थित गुरूघासीदास टाईगर रिजर्व क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, बस इसके लिए जिला प्रशासन को ठोस प्रयास करने की जरूरत है। इस क्षेत्र में सघन वन पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। जगह-जगह प्रकृति की सुंदता को निहारने के लिए वॉच टावर भी बनाए गए हैं। इस क्षेत्र में खेखड़ा माडा हिलटॉप से सघन वन व पहाड़ का आनंद लिया जा सकता है। गुरूघासीदास टाईगर रिजर्व क्षेत्र में बाघ, सांभर, गौर, भालू, बंदर सहित दर्जनों की संख्या में वन्य जीवों का निवास स्थल है, इसके अलावा कई गुमनाम स्थल भी मौजूद है, जिसकी पहचान दिलाने की दिशा में कार्य योजना बनाकर पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसीत करने की जरूरत है।

**गॉगी रानी माता की गुफा-** कोरिया जिले के वनांचल रामगढ़ ग्राम पंचायत के निकट ग्राम नटवारी में गांगी रानी माता की गुफा है। यह स्थल धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केन्द्र हैं, जहां प्रतिवर्ष नवरात्र में मेला भी लगताा है। गुफा के पास एक बड़ा तालाब है, जिसमें वर्ष पर पानी भरा रहता है। इस स्थला को धाार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसी कर पहचान दिलाने की जरूरत है।

**हसदों नदी उद्गम स्थल-** प्रदेश की प्रमुख नदियो में शामिल हसदों नदी का उद्गम स्थल कोरिया जिले में है। यह नदी जिले के सोनहत तहसील मुख्यालय से कुछ दूरी पर स्थित ग्राम मेण्ड्रा में एक तुर्रे के रूप में निकला है। यहां से बहते हुए यह नदी एमसीबी जिले में नागपुर के निकट बड़ी नदी का रूप ले लेती है और एमसीबी जिले के देवाडॉड़ पहुंचते विशाल नदी केरूप में दिखाई देती है। हसदों नदी कोरिया से कोरबा जिले होते हुए महानदी में मिल जाती है। इसी नदी में गौरघाट जल प्रपात तथा अमृतधारा जल प्रपात का निर्माण करती है जो कोरिया व एमसीबी जिले के प्रमुख पर्यटन केन्द्र के रूप में जाना जाता है।

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH ACCREDITED
पेट एवं लीवर रोग विभाग
• दर्दरहित इण्डोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, इण्डोस्कोपिक-सोनोग्राफी एवं ई.आर.सी.पी. का एडवांस सेंटर
• गैस, कब्जियत, पेट दर्द, उल्टी, ज्वाइंडिस (पीलिया), एनीमिया
• लीवर एवं एल्कोहल जनित रोगों हेतु ICU सुविधा (प्लास्मा फेरेसिस सुविधा के साथ)
• पैनक्रियाटायटिस एवं इन्फ्लामेट्री बोवेल डिसीज का उच्च स्तरीय उपचार
• पैनक्रियास, लीवर, पेट, आंत एवं गॉल ब्लेडर आदि के कैंसर की एडवांस सुविधा
आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कोरपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ. भाविक शाह
Dr. NB (Gastro), MRCP-SCE, UK (Gastro), MNAMS
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
30 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
11 सीटें शेष
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक
28 अक्टूबर 2025
10 नवंबर 2025
16 दिसंबर 2025
16 जनवरी 2026
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/- ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)